रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-17082023-248144
CG-DL-W-17082023-248144

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 32] नई दिल्ली, अगस्त 6—अगस्त 12, 2023, शनिवार/श्रावण 15—श्रावण 21, 1945
No. 32] NEW DELHI, AUGUST 6—AUGUST 12, 2023, SATURDAY/SHRAVANA 15—SHRAVANA 21, 1945

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications Issued by the Ministries of the Government of India
(Other than the Ministry of Defence)

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 18 जुलाई, 2023

का.आ. 1277.—केन्द्र सरकार, एतद द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 5 की उप-धारा (1) सपठित धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार की अधिसूचना सं. 9/सी. बी.आई-80-06/2022(एच.पी)3768, गृह विभाग (पुलिस शाखा) दिनांक 23.03.2023 के माध्यम से जारी सम्मति से बालिका गृह, साहू रोड, मुजफ्फरपुर की एक कैदी सुश्री रानी कुमारी उर्फ पुष्पा कुमारी के लापता होने के मामले से संबंधित बालिका गृह, साहू रोड, मुजफ्फरपुर (मुजफ्फरपुर आश्रय गृह) के अज्ञात अधिकारियों और अन्य के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) की धारा 120बी एवं 363 के तहत दण्डनीय अपराध(धों) का अन्वेषण करने के लिए तथा ऐसे अपराध(धों) से जुड़े या उससे संबद्ध किसी दुष्प्रयास, दुष्प्रेरणा और/अथवा षड्यंत्र एवं/अथवा उसी संव्यवहार में किए गए या उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न किसी अन्य अपराध का अन्वेषण करने के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और क्षेत्राधिकार का विस्तार समस्त बिहार राज्य में करती है।।

[फा. सं. 228/34/2018-एवीडी-II]
संजय कुमार चौरसिया, अवर सचिव

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

(Department of Personnel And Training)

New Delhi, the 18th July, 2023

S.O. 1277.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the State Government of Bihar issued vide Notification No. 9/C.B.I-80-06/2022(H.P)3768/Home Department (Police Branch) dated 23.03.2023, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole State of Bihar for investigation into the offence(s) under section 363 and section 120B of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860) pertaining to the matter of missing of Ms. Rani Kumari @ Pushpa Kumari, an inmate of Balika Grih, Sahu Road, Muzaffarpur against unknown officials of Balika Grih, Sahu Road, Muzaffarpur (Muzaffarpur Shelter Home) and unknown others and any attempt, abetment and/or conspiracy, in relation to or in connection with such offence(s) and/or for any other offence committed in the course of the same transaction or arising out of the same facts.

[F. No. 228/34/2018-AVD-II]

SANJAY KUMAR CHAURASIA, Under Secy.

नई दिल्ली, 28 जुलाई, 2023

का.आ. 1278.—केन्द्र सरकार एतद् द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 5 की उपधारा (1) सपठित धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मणिपुर राज्य सरकार की अधिसूचना सं. एच-12/1/(4)/2023-एच(सीबीआई), दिनांक 26.07.2023, गृह विभाग, इम्फाल, के माध्यम से जारी सम्मति से, भारतीय दंड संहिता की धाराएं 153ए/398/427/436/448/302/354/364/326/376/34 & भारतीय दंड संहिता की धारा 376-डी में जोड़े गए 25(1-सी) ए. अधिनियम तथा एससी&एसटी (पीओए) अधिनियम, 1989 की धाराएँ 3(1)डी, 3(1)ई, 3(1)जी, 3(1)डब्ल्यू(i), 3(1)जेड, 3(2)(iii), 3(2)(iv) & 3(2)(v) के तहत दर्ज प्राथमिकी सं. 110(6)2023 एनएसके-पीएस और भारतीय दंड संहिता की धाराएं 153ए/398/427/436/448/302/354/364/326/376/34 & 25(1-सी) ए. अधिनियम के तहत दर्ज जीरो प्राथमिकी (91)(5)2023 एसकेएल-पीएस का अन्वेषण करने तथा ऐसे अपराध(धों) से जुड़े या उससे संबद्ध किसी दुष्प्रयास, दुष्प्रेरणा और/अथवा षड्यंत्र एवं/अथवा उसी संव्यवहार में किए गए या उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न किसी अन्य अपराध का अन्वेषण करने के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और क्षेत्राधिकार का विस्तार समस्त मणिपुर राज्य में करती है।

[फा. सं. 228/47/2023-एवीडी-II]

राजीव कुमार खरे, अवर सचिव

New Delhi, the 28th July, 2023

S.O. 1278.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the State Government of Manipur, issued vide Notification No. 12/1(4)/2023-H(CBI) dated 26.07.2023, Home Department, Imphal, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole State of Manipur for investigation of FIR No. 110(6)2023 NSK-PS U/S 153A/398/427/436/448/302/354/364/326/376/34 IPC & 25(1-C) A. Act added U/s 376-D IPC & Section 3(1)d, 3(1)e, 3(1)g, 3(1)w(i), 3(1)z, 3(2)(iii), 3(2)(iv) & 3(2)(v) of SC&ST (PoA) Act, 1989 and its Corresponding ZERO (91)(5)2023 SKL-PS U/s 153A/398/427/436/448/302/354/364/326/376/34 IPC & 25(1-C) A. Act and any attempt, abetment and/or conspiracy, in relation to or in connection with such offence(s) and/or for any other offence committed in the course of the same transaction or arising out of the same facts.

[F. No. 228/47/2023-AVD-II]

RAJEEV KUMAR KHARE, Under Secy.

नई दिल्ली, 28 जुलाई, 2023

का.आ. 1279.—केन्द्र सरकार, एतद् द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 5 की उप-धारा (1) सपठित धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान राज्य सरकार की अधिसूचना सं. एफ.19(29)गृह-5/2023 दिनांक 15.06.2023, गृह (गृ.-v) विभाग, जयपुर के माध्यम से जारी सम्मति से, मैसर्स विनायक लॉजिस्टिक्स, गुवाहाटी, इसके मालिक श्री प्रवेश काबरा, मैसर्स विनायक लॉजिस्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुवाहाटी, इसके निदेशक श्री प्रवेश काबरा, अज्ञात लोक सेवकों और अन्य द्वारा भारतीय रेलवे के माध्यम से फिटकरी पाउडर की आड़ में मार्बल पाउडर की लोडिंग और परिवहन से भारतीय रेलवे को सदोष हानि पहुंचाने के संबंध में भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 120बी सपठित धारा 420, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) (2018 के अधिनियम 16 द्वारा यथा संशोधित) की धारा 7 एवं रेलवे अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 163 सपठित धारा 66 के तहत दंडनीय अपराध से संबंधित, सीबीआई, भ्र.नि.शाखा, जयपुर में दर्ज पीईजेएआई2022ए0004 से उत्पन्न अपराध(धों) का अन्वेषण तथा ऐसे अपराध(धों) से जुड़े या उससे संबद्ध किसी दुष्प्रयास, दुष्प्रेरणा एवं/अथवा षड्यंत्र एवं/अथवा उसी संव्यवहार में किए गए या उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न किसी अन्य अपराध का अन्वेषण करने के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और क्षेत्राधिकार का विस्तार समस्त राजस्थान राज्य में करती है।

[फा. सं. 228/45/2023-एवीडी-II]

राजीव कुमार खरे, अवर सचिव

New Delhi, the 28th July, 2023

S.O. 1279.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the State Government of Rajasthan, issued vide Notification No.F.19(29)Home-5/2023 dated 15.06.2023, Home (Gr.-V) Department, Jaipur, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole State of Rajasthan for investigation into the offence(s) punishable under section 120B r/w section 420 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860), section 7 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (49 of 1988) (as amended by Act 16 of 2018) and section 163 r/w section 66 of the Railways Act, 1989 (24 of 1989), arising out of PEJAI2022A0004 registered at CBI, ACB, Jaipur pertaining to loading and transportation of Marble Powder in guise of Alum Powder through Indian Railways by M/s Vinayak Logistics, Guwahati, its proprietor Shri Pravesh Kabra, M/s Vinayak Logistics India Pvt. Ltd., Guwahati, its Director Shri Pravesh Kabra, unknown public servants and others for causing wrongful loss to the Indian Railways and any attempt, abetment and/or conspiracy, in relation to or in connection with such offence(s) and/or for any other offence committed in the course of the same transaction or arising out of the same facts.

[F. No. 228/45/2023-AVD-II]

RAJEEV KUMAR KHARE, Under Secy.

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 2023

का.आ. 1280.—केन्द्र सरकार एतद् द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 5 की उपधारा (1) सपठित धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मणिपुर राज्य सरकार के गृह विभाग, इम्फाल की अधिसूचना सं. एच-1701/224/2022-एचडी-एचडी, दिनांक 23.02.2023 के माध्यम से जारी सम्मति से, सेकमाई डाकघर के तहत कंगलाटोम्बी शाखा डाकघर (बीपीओ) से भारी मात्रा में धनराशि के दुरुपयोग के संबंध में भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) की धाराओं 409, 420 के तहत दंडनीय अपराधों के तहत दिनांक 22.06.2022 को सेकमाई पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत एफआईआर संख्या 34(6)2022 एसईके-पीएस से उत्पन्न अपराध(धों) का अन्वेषण तथा ऐसे अपराध(धों) से जुड़े या उससे संबद्ध किसी दुष्प्रयास, दुष्प्रेरणा और/अथवा षड्यंत्र एवं/अथवा उसी संव्यवहार में किए गए उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न किसी अन्य अपराध का अन्वेषण करने के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और क्षेत्राधिकार का विस्तार समस्त मणिपुर राज्य में करती है।

[फा. सं. 228/18/2023-एवीडी-II]

राजीव कुमार खरे, अवर सचिव

New Delhi, the 31st July, 2023

S.O. 1280.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the State Government of Manipur, issued vide Notification No.H-1701/224/2022-HD-HD dated 23.02.2023, Home Department, Imphal, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole State of Manipur for investigation into the offence(s) relating to case FIR No. 34(6)2022 SEK-PS dated 22.06.2022 registered at Sekmai Police Station, under sections 409 and 420 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860) pertaining to misappropriation of huge money from Kanglatombi Branch Post Office (BPO) under Sekmai Post Office and any attempt, abetment and/or conspiracy, in relation to or in connection with such offence(s) and/or for any other offence committed in the course of the same transaction or arising out of the same facts.

[F. No. 228/18/2023-AVD-II]

RAJEEV KUMAR KHARE, Under Secy.

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

नई दिल्ली, 9 अगस्त, 2023

का.आ. 1281.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **मेसर्स उदयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडिकेट प्राइवेट लिमिटेड** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **श्री रामपाल, कर्मकार** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा, पंचाट (रिफरेन्स न.-10/2018)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है,प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 09.08.2023 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29011/10/2018-आईआर(एम)]

डी. के. हिमांशु, अवर सचिव

MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT

New Delhi, the 9th August, 2023

S.O. 1281.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Ref. No. 10/2018)** of the **Industrial Tribunal cum Labour Court, Bhilwada** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Udaipur Mineral Development Syndicate Private Limited** and **Shri Rampal, Workman** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 09.08.2023.

[No. L-29011/10/2018-IR(M)]

D. K. HIMANSHU, Under Secy.

अनुलग्नक

औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा ::

पीठासीन अधिकारीः **श्री सुशील कुमार शर्मा,**(जिला न्यायाधीश संवर्ग)

प्रकरण संख्या : 10 सन् 2018

श्री रामपाल पुत्र श्री बंशीलाल पाराशर,निवासी–
सरथला, पो0–सरथला,तह0–मांडलगढ,जिला–भीलवाडा।

द्वारा– श्री प्रभाष चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष,भारतीय मजदूर संघ
11/97, नई शाम की सब्जी मंडी,भूपालगंज,भीलवाडा।

..प्रार्थी

: बनाम :

प्रबंधक,मै0 उदयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा0लि0
चितौड रोड,भीलवाडा।

..विपक्षी

उपस्थित :

श्री प्रभाष चौधरी, प्रतिनिधि–प्रार्थी की ओर से।
श्री आर.सी.चेचाणी,अधिवक्ता–विपक्षी की ओर से।.

:: पंचाट :: दिनांक : 11.5.2023

प्रार्थी ने विपक्षीगण के विरूद्ध अभिलेख में उसकी सही जन्म तिथि दर्ज नहीं किये जाने के संबंध में अपना विवाद केन्द्रीय सुलह अधिकारी, अजमेर के समक्ष पेश किया, जहां कोई समझौता नहीं होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचना क्रमांकः एल–29011/10/2018–IR[M] दिनांक 30.10.2018 के द्वारा निम्न विवाद इस न्यायालय को अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया गया–

"Whether the alleged amendment in date of birth as 05.05.1961 sought vide letter dated 02.02.2018 by Shri Rampal S/o Shri Bansilal Parashar,Trip Counter in Chenpura Mines under the management of M/s Udaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd., Bhilwara at the fag end of the retirement is proper,legal and justified? if yes,to what reliefs the workman are entitled?"

उपरोक्तानुसार विवाद प्राप्त होने पर पक्षकारों को नोटिस जारी कर तलब किया गया।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रार्थना पत्र में यह अंकित किया गया है कि उसे विपक्षी ने संस्थान की चैनपुरा माईन्स पर ट्रीप काउन्टर के पद पर बतौर श्रमिक दिनांक 1.7.1980 को नियोजित किया। नियोजित करते समय विपक्षी ने उससे उम्र व शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र रिकार्ड पर लिये थे तथा नियोजन से पूर्व विपक्षी ने फार्म–बी के निर्धारित खाली प्रपत्र पर यह कहकर दस्तखत करवाये कि इसमें वांछित सूचना भरी जानी है, उक्त प्रपत्र को विपक्षी के प्रतिनिधि ने भरा तथा इस दौरान उसकी जन्म तिथि 5.5.1961 की बजाय 9.4.1960 दर्ज कर दी गई। इस प्रकार विपक्षी द्वारा प्रार्थी की उम्र 20 वर्ष होते हुए भी अभिलेख फार्म–बी में उम्र 21 वर्ष अंकित कर दी गई। प्रार्थी ने नियोजन के दौरान विपक्षी संस्थान में दो बार क्रमशः दिनांक 6.12.1989 व 1.4.1992 को प्रार्थी से संबंधित उम्र व शैक्षणिक योग्यता सबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिये, लेकिन फिर भी विपक्षी ने जन्म तिथि में संशोधन नहीं किया। इस बारे में उसने विपक्षी को कई बार निवेदन किया। जन्म तिथि में संशोधन नहीं करने से प्रार्थी अपनी निर्धारित आयु 58 वर्ष पूरी करने की तिथि 4.5.2019 से पूर्व ही 8.4.2018 को सेवानिवृत कर दिया। संस्थान में कार्यरत गोपी बलाई, रतनलाल, श्यामलाल, जगदीश, गोपाल, रामलाल की जन्म तिथियों में विपक्षी द्वारा परिवर्तन किया है, लेकिन उसकी जन्म तिथि में परिवर्तन नहीं किया गया। प्रार्थी ने उसकी वास्तविक जन्म तिथि 5.5.1961 को अभिलेख में दर्ज करवाने व उक्त तिथि के आधार पर ही सेवानिवृत करवाने की प्रार्थना की।

विपक्षी की ओर से जवाब पेश कर जाहिर किया गया कि प्रार्थी को प्रत्येक माह पे–स्लीप दी जाती है, जिसमें जन्म तिथि अंकित होती है। प्रार्थी समय रहते प्रार्थनापत्र पेश कर सकता था, लेकिन अब जबकि उसकी सेवानिवृति निकट है वह जन्म तिथि में संशोधन करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर रहा है। मदवार जवाब देते हुए जाहिर किया गया कि प्रार्थी का नियोजन दिनांक 1.7.1980 को बेलदार के रूप में प्रारंभ हुआ, लेकिन उसके द्वारा सदैव सामान्य श्रेणी का कार्य ही किया जाता था। नियुक्ति के पूर्व प्रार्थी ने अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र जमा नहीं कराये थे। प्रार्थी ने आज दिनांक तक अपने कोई भी दस्तावोज विपक्षी के यहां जमा नहीं करवाये। विपक्षी ने फार्म–बी के खाली प्रपत्र पर प्रार्थी के हस्ताक्षर नहीं लिये तथा उक्त प्रपत्र प्रार्थी के सामने उससे पूछताछ करके ही भरा गया तथा उस समय प्रार्थी ने अपनी उम्र 22 वर्ष बताई थी, न कि जन्म तिथि 5.5.1961 बताई। प्रार्थी पढना–लिखना जानता था इसलिए उसके ब्रीफ बायोडाटा फॉर्म में साक्षर अंकित है,जो कि दिनांक 18.1.1993 को भरा गया था। फार्म–बी में दर्ज प्रार्थी की उम्र के संबंध में प्रार्थी स्वयं ही जिम्मेदार है। प्रार्थी से दिनांक 18.1.1993 को एम्पलोईज ब्रीफ बायो–डाटा फॉर्म भरवाया गया,जिसमें प्रार्थी ने अपनी जन्म तिथि 9.4.1960 दर्ज की है,जिससे प्रार्थी की जन्म तिथि 9.4.1960 मानते हुए उसे दिनाक 8.4.2018 को सेवानिवृत किया जा चुका है। जब प्रार्थी एक बार अपने फॉर्म–बी में भरी गई जन्म तिथि को गलत बताकर दुरूस्त करवा चुका है तो पुनः उसकी जन्म तिथि को बदलने का कोई औचित्य नहीं है। विपक्षी संस्थान एवं खान मजदूर कांग्रेस के मध्य दिनाक 7.3.2013 को समझौता सम्पन्न हुआ जिसके अनुसार जिन भी श्रमिकों की जन्म तिथि को लेकर विवाद है, वे समस्त श्रमिक दिनांक 31.3.2013 तक अपनी जन्म तिथि से संबंधित दस्तावेज मय प्रार्थनापत्र सस्थान में प्रस्तुत कर जन्म तिथि दुरूस्त करवा सकेंगे, लेकिन प्रार्थी द्वारा उचित समय में कोई पत्राचार नहीं किया गया तो ऐसे में प्रार्थी के पत्रों पर कार्यवाही नहीं की जा सकती थी। क्लेम प्रार्थना पत्र खारिज करने की प्रार्थना की गई।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य में स्वयं प्रार्थी ए ड 1 रामपाल पाराशर के शपथ पत्र पर बयान दर्ज करवाये गये ।

विपक्षी की ओर से एन ए ड 1 लक्ष्मीनारायण के बयान शपथपत्र पर दर्ज करवाये गये।

बहस सुनी गई। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।

बहस के दौरान प्रार्थी प्रतिनिधि ने क्लेम प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए वांछित अनुतोष दिलाने का निवेदन किया। प्रार्थी की ओर से अपने समर्थन में निम्न न्यायिक दृष्टांत भी पेश किये गये–

1. 2008 (119) एफ एल आर पेज 808 (एस.सी.) मोहम्मद युनुस खान बनाम यू.पी.पावर कॉर्पोरेशन लि0 व अन्य
2. 2023 (176) एफ एल आर पेज 648 (इलाहाबाद) सुब्रमण्यम बनाम स्टेट आफ यू.पी

इसके विपरीत विपक्षी के अधिवक्ता ने भी अपने जवाब में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए क्लेम प्रार्थनापत्र खारिज करने की प्रार्थना की। अपने समर्थन में निम्न न्यायिक दृष्टांत भी पेश किये–

1. सिविल अपील नं0 1009 / 2020 (एस.सी.) भारत कुकिंग कोल लि0 बनाम श्याम किशोर

2. रिटया चिका सं0 5515 / 2014 (मद्रास) पी.सुंदरराज बनाम तमिलनाडु राज्य

3. एस.सी.ए /21293 / 2017 (गुजरात) भगवती बेन तेजूमल बनाम उत्तर गुजरात वी.आई.जे. कं0 लि0

4. एस.ए. नं0 244 / 2003 (झारखंड) सेन्ट्रल कोलफिल्ड लि0 बनाम ब्रह्मदेव सिंह

हमनें संपूर्ण पत्रावली का अध्ययन किया और विचार किया।

हस्तगत मामले में प्रार्थी रामपाल ने अपने अभिवचनो व अपने साक्ष्य स्वरूप प्रस्तुत शपथपत्र में स्पष्ट रूप से यह कहा है कि उसे नियोजित करते समय विपक्षी ने उससे उम्र व शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र रिकार्ड पर लिये थे तथा नियोजन से पूर्व विपक्षी ने फॉर्म–बी के खाली प्रपत्र पर यह कहकर दस्तखत करवाये कि इसमें वांछित सूचना भरी जानी है, उक्त प्रपत्र को विपक्षी के प्रतिनिधि ने भरा तथा इस दौरान उसकी जन्म तिथि 5.5.1961 की बजाय 9.4.1960 दर्ज कर दी गई तथा उसके द्वारा कई बार निवेदन करने के बावजूद भी उसमें सुधार नहीं किया गया, जबकि विपक्षी ने अपने जवाब में किये गये अभिवचनो में उक्त तथ्य का पूरी तरह से खंडन करते हुए कहा कि नियुक्ति के पूर्व प्रार्थी ने अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र जमा नहीं कराये थे। प्रार्थी ने आज दिनांक तक अपने कोई भी दस्तावेज विपक्षी के यहां जमा नहीं करवाये। विपक्षी ने फॉर्म–बी के खाली प्रपत्र पर प्रार्थी के हस्ताक्षर नहीं लिये तथा उक्त प्रपत्र प्रार्थी के सामने उससे पूछताछ करके ही भरा गया था तथा उस समय प्रार्थी ने अपनी उम्र 22 वर्ष बताई थी, न कि जन्म तिथि 5.5.1961 बताई । इस बारे में विपक्षी की ओर से की गई जिरह में प्रार्थी ए ड 1 रामपाल ने विपक्षी के इस सुझाव को गलत बताया कि उसने उसकी उम्र अनुमान से 22 वर्ष लिखवाई हो। आगे जिरह में प्रार्थी ने यह कहा है कि यह सही है कि मैंने प्रदर्श 2 टी.सी. सर्वप्रथम दिनांक 1.12.2017 को दी। इस गवाह ने आगे जिरह में यह भी कहा है कि यह सही है कि मेरे फॉर्म –बी में अंकित जन्म तिथि के हिसाब से उसे दिनांक 8.4. 2018 को सेवानिवृत कर दिया गया है। इस प्रकार प्रार्थी रामपाल से विपक्षी द्वारा की गई जिरह से यह स्पष्ट है कि प्रार्थी ने अपनी उम्र के संबंध में प्रमाण प्रदर्श 2 टी.सी. सर्वप्रथम दिनांक 1.12.2017 को ही विपक्षी के यहां पेश कर दी थी तथा उसे फॉर्म –बी में अंकित जन्म तिथि के अनुसार दिनांक 8.4.2018 को सेवानिवृत कर दिया गया है। प्रार्थी ने अपने अभिवचनो व अपनी साक्ष्य में ऐसे श्रमिकों के नाम भी बताये हैं जिनकी जन्म तिथियों में विपक्षी द्वारा संशोधन किया गया, जिस बारे में विपक्षी की ओर से की गई जिरह में प्रार्थी रामपाल ने यह कहा है कि यह मेरी जानकारी में नहीं है कि प्रदर्श 4 लगायत प्रदर्श 11 के श्रमिकों ने 31.3.2013 से पूर्व अपनी जन्म तिथि में संशोधन कराने बाबत दस्तावेज कंपनी में दिये हों, जिसके आधार पर उनकी जन्म तिथि में संशोधन किया गया हो, लेकिन स्वयं विपक्षी के अभिवचनो से ही विपक्षी के द्वारा कुछ श्रमिकों की जन्म तिथियों में संशोधन करना साबित होता है, लेकिन प्रार्थी की जन्म तिथि में संशोधन नहीं किया गया, जिसका कारण यह बताया गया कि विपक्षी संस्थान एवं खान मजदूर कांग्रेस के मध्य दिनाक 7.3.2013 को समझौता सम्पन्न हुआ, जिसके अनुसार जिन भी श्रमिकों की जन्म तिथि को लेकर विवाद है, वे समस्त श्रमिक दिनांक 31.3.2013 तक अपनी जन्म तिथि से संबंधित दस्तावेज मय प्रार्थनापत्र सस्थान में प्रस्तुत कर जन्म तिथि दुरूस्त करवा सकेंगे, लेकिन प्रार्थी द्वारा उचित समय में कोई पत्राचार नहीं किया गया तो ऐसे में प्रार्थी के पत्रों पर कार्यवाही नहीं की जा सकती थी। इस बारे में प्रार्थी रामपाल से की गई जिरह के दौरान प्रार्थी ने इस तथ्य को सही बताया कि उसने प्रदर्श 2 टी.सी. सर्वप्रथम दिनांक 1.12.2017 को दी थी अज खुद कहा कि जब कंपनी ने मांगी मैंने दे दी। स्वयं विपक्षी के गवाह एन ए ड 1 लक्ष्मी नारायण ने भी जिरह में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि रामपाल पाराशर ने भर्ती के समय अपनी जन्म तारीख का कोई प्रमाणपत्र व दस्तावेज नहीं दिया था। आगे जिरह में इस गवाह ने यह भी कहा कि भर्ती मैनेजर साहब करते हैं, मैनेजर साहब ही कर्मचारी के बताये अनुसार जन्म तिथि लिखते हैं। पत्रावली पर उपलब्ध प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के अवलोकन से प्रकट होता है कि प्रार्थी की ओर से विपक्षी को प्रदर्श 1 जन्म तिथि में सुधार के बारे में प्रार्थनापत्र व टी.सी. की प्रति प्रदर्श 2 दी गई है, जिन्हें प्राप्त हो जाना स्वयं विपक्षी गवाह एन ए ड 1 लक्ष्मीनारायण ने भी अपनी जिरह में स्वीकार किया है तथा प्रदर्श 8 लगायत प्रदर्श 15 तक के श्रमिकों की जन्म तारीख में परिवर्तन बी–फार्म में करने के तथ्य को भी विपक्षी के इस गवाह ने अपनी जिरह में स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है। विपक्षी के इस गवाह ने अपनी जिरह में यह भी स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि यह सही है कि स्कूल की मार्कशीट या टी.सी. में लिखी जन्म तारीख ही प्रमाणित मानी जाती है। इस गवाह ने स्थाई आदेश में जन्म तारीख का प्रमाणपत्र पेश करने करना लिखा होना भी स्वीकार किया। आगे इस गवाह ने जिरह में गोपी व अन्य श्रमिकों की जन्म तारीखों में श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत अंकतालिकाओं के आधार पर परिर्वतन करना भी स्वीकार किया है।

इस प्रकार समग्र साक्ष्य से यह प्रकट हो रहा है कि विपक्षी के द्वारा प्रार्थी के साथ असमानता का व्यवहार करके अन्य श्रमिकों की जन्म तिथियों में संशोधन किया गया है, लेकिन प्रार्थी की जन्म तिथि में सेवा निवृति से काफी समय पूर्व दिये गये प्रार्थनापत्र व टी.सी. की प्रति के बावजूद भी संशोधन नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी की जन्म तिथि में संशोधन नहीं करने को किसी भी सूरत में उचित एवं वैध नहीं माना जा सकता है।

मेरे उक्त मत को प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतों 2008 (119) एफ एल आर पेज 808 (एस.सी.) मोहम्मद युनुस खान बनाम यू.पी.पावर कॉर्पोरेशन लि0 व अन्य तथा 2023 (176) एफ एल आर पेज 648 (इलाहाबाद) सुब्रमण्यम बनाम स्टेट ऑफ यू.पी. से भी बल मिलता है। उक्त न्यायिक दृष्टांतों वाले मामलों में संबंधित प्रार्थी की ओर से सेवानिवृति से पूर्व ही दसवीं की अंकतालिका व प्रार्थनापत्र जन्म तिथि में संशोधन बाबत पेश कर दिया गया था। उक्त मामलों में मान0 उच्चतम न्यायालय व मान0 उच्च न्यायालय द्वारा दसवीं की अंकतालिका के आधार पर जन्म तिथि में संशोधन करने को न्यायोचित माना। उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत मामले में पूरी तरह से लागू होते हैं क्योंकि इस मामले में भी प्रार्थी ने सेवानिवृति से

काफी समय पूर्व ही अपनी जन्म तिथि में संशोधन कराने के संबंध में विपक्षी के समक्ष प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर दिया था, लेकिन फिर भी विपक्षी ने संशोधन नहीं किया, जिसे किसी भी तरह से न्यायाचित नहीं माना जा सकता है।

विपक्षी की ओर से प्रस्तत न्यायिक दृष्टांत सिविल अपील नं0 1009/ 2020 (एस.सी.) भारत कुकिंग कोल लि0 बनाम श्यामकिशोर वाले मामले को मान0 उच्चतम न्यायालय द्वारा यह कहकर खारिज किया गया था कि जन्म तिथि में संशोधन बाबत प्रार्थनापत्र सेवानिवृति के चार साल बाद पेश किया गया था और कोई भी विधिक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई थी, लेकिन हस्तगत मामले में सेवा निवृति की तिथि से काफी समय पूर्व ही प्रार्थी द्वारा जन्म तिथि में संशोधन कराने के संबंध में विपक्षी के समक्ष प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर दिया गया था, अतः तथ्यात्मक भिन्नता के कारण उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत मामले में लागू नहीं होता है।

विपक्षी की ओर से ही प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत रिट याचिका सं0 5515/ 2014 (मद्रास) पी.सुंदरराज बनाम तमिलनाडु राज्य, एस.सी.ए /21293/ 2017 (गुजरात) भगवती बेन तेजूमल बनाम उत्तर गुजरात वी.आई.जे. कं0 लि0 व एस.ए. नं0 244/ 2003 (झारखंड) सेन्ट्रल कोलफिल्ड लि0 बनाम ब्रह्मदेव सिंह वाले मामले भी तथ्यात्मक भिन्नता के कारण हस्तगत मामले में लागू नहीं होते हैं क्योंकि उक्त तीनों न्यायिक दृष्टांत औद्योगिक विवाद अधि0 के तहत आने वाले मामलो से संबंधित नहीं है।

उक्त विवेचन के आधार पर विपक्षी द्वारा प्रार्थी की जन्म तिथि 5.5.1961 अभिलेख में दर्ज नहीं करना व उसे दिनांक 8.4.2018 को सेवा निवृत करना उचित एवं वैध नहीं माना जा सकता है।

अब प्रश्न यह है कि प्रार्थी को क्या अनुतोष दिलाया जाये?

हस्तगत मामले में प्रार्थी दिनांक 8.4.2018 को ही सेवानिवृत हो चुका है तथा वह वर्तमान में सेवा में नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी की जन्म तिथि 5.5.1961 मानते हुए उसे सेवानिवृत करते समय देय वेतन की दर से देय वेतन की 25 प्रतिशत राशि दिलाई जाना उचित है।

अतः केन्द्र सरकार द्वारा प्रेषित विवाद का उत्तर इस प्रकार दिया जाता है कि प्रार्थी श्री रामपाल पुत्र श्री बंशीलाल पाराशर को विपक्षी प्रबंधक,मै0 उदयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा0लि0 ,भीलवाडा द्वारा उसकी जन्म तिथि 5.5.1961 के आधार पर सेवानिवृत नहीं करना उचित एवं वैध नहीं है।

प्रार्थी की जन्म तिथि 5.5.1961 मानते हुए उसे सेवा निवृत करने की तिथि 8.4.2018 से लेकर जन्म तिथि 5.5.1961 के आधार पर सेवा निवृत करने की तिथि तक तक की अवधि में उसे सेवानिवृत करते समय देय वेतन की दर से देय कुल वेतन की 25 प्रतिशत राशि पंचाट प्रकाशित होने की तिथि से तीन माह के भीतर अदा की जाये।

पंचाट की प्रति केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ भेजी जाये।

सुशील कुमार शर्मा, न्यायाधीश

पंचाट आज दिनांक 11.5.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

नई दिल्ली, 9 अगस्त, 2023

का.आ. 1282.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **मेसर्स गोलछा मिनरल डवलपमेंट सिंडिकेट प्राइवेट लिमिटेड** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **श्री मुकुट दरोगा, कर्मकार** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा, पंचाट (रिफरेन्स न.-12/2018)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है,प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 09.08.2023 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29011/9/2018-आईआर(एम)]

डी. के. हिमांशु, अवर सचिव

New Delhi, the 9th August, 2023

S.O. 1282.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Ref. No. 12/2018)** of the **Industrial Tribunal cum Labour Court, Bhilwada** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Golcha Mineral Development Syndicate Private Limited** and **Shri Mukut Daroga, Workman** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 09.08.2023.

[No. L-29011/9/2018-IR(M)]

D. K. HIMANSHU, Under Secy.

अनुलग्नक

औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा ::

पीठासीन अधिकारीः **श्री सुशील कुमार शर्मा,**(जिला न्यायाधीश संवर्ग)

प्रकरण संख्या : 12 सन् 2018

श्री मुकुट दरोगा पुत्र श्री गोकुल दरोगा,निवासी–
किशनगढ,पो0–बांकरा,तह0–जहाजपुर,जिला–भीलवाडा।
द्वारा–श्री प्रभाष चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष,भारतीय मजदूर संघ
11/97, नई शाम की सब्जी मंडी,भूपालगंज,भीलवाडा।

..प्रार्थी

: बनाम :

प्रबंधक,मै0 गोलछा मिनरल्स प्रा0लि0,चितौड रोड,भीलवाडा।

..विपक्षी

उपस्थित :

श्री प्रभाष चौधरी, प्रतिनिधि–प्रार्थी की ओर से।
श्री आर.सी.चेचाणी,अधिवक्ता–विपक्षी की ओर से।.

पंचाट दिनांक : 11.5.2023

प्रार्थी ने विपक्षीगण के विरूद्ध अभिलेख में उसकी सही जन्म तिथि दर्ज नहीं किये जाने के संबंध में अपना विवाद केन्द्रीय सुलह अधिकारी,अजमेर के समक्ष पेश किया, जहां कोई समझौता नहीं होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचना क्रमांकः एल–29011/9/2018–IR[M] दिनांक 29.10.2018 के द्वारा निम्न विवाद इस न्यायालय को अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया गया–

"Whether the alleged amendment in date of birth as 03.02.1966 sought vide letter dated 26.10.2017 by Shri Mukut S/o Gokal Daroga,Miner in Kishangarh Mines under the management of M/s Golacha Minerals Pvt. Ltd., Bhilwara at the fag end of the retirement is proper,legal and justified? if yes,to what reliefs the workman are entitled?"

उपरोक्तानुसार विवाद प्राप्त होने पर पक्षकारों को नोटिस जारी कर तलब किया गया।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रार्थना पत्र में यह अंकित किया गया है कि उसे विपक्षी ने संस्थान की किशनगढ माईन्स पर माईनर के पद पर बतौर श्रमिक दिनांक 1.4.1985 को नियोजित किया। नियोजित करते समय विपक्षी ने उससे उम्र व शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र रिकार्ड पर लिये थे तथा नियोजन से पूर्व विपक्षी ने फार्म–बी के निर्धारित खाली प्रपत्र पर यह कहकर दस्तखत करवाये कि इसमें वांछित सूचना भरी जानी है, उक्त प्रपत्र को विपक्षी के प्रतिनिधि ने भरा तथा इस दौरान उसकी जन्म तिथि 3.2.1966 की बजाय 3.4.1963 दर्ज कर दी गई। इस प्रकार विपक्षी द्वारा प्रार्थी की उम्र 20 वर्ष होते हुए भी अभिलेख फार्म–बी में उम्र 23 वर्ष अंकित कर दी गई। प्रार्थी ने नियोजन के दौरान विपक्षी संस्थान में दो बार क्रमशः दिनांक 6.12.1989 व 1.4.1992 को उससे संबंधित उम्र व शैक्षणिक योग्यता सबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिये, लेकिन फिर भी विपक्षी ने जन्म तिथि में संशोधन नहीं किया। इस बारे में उसने विपक्षी को कई बार निवेदन भी किया। जन्म तिथि में संशोधन नहीं करने से प्रार्थी अपनी निर्धारित आयु 58 वर्ष पूरी करने की तिथि 3.2.2024 से पूर्व ही सेवानिवृत कर दिया जायेगा। संस्थान में कार्यरत गोपी बलाई, रतनलाल, श्यामलाल, जगदीश, गोपाल, रामलाल की जन्म तिथियों में विपक्षी द्वारा परिवर्तन किया है, लेकिन उसकी जन्म तिथि में परिवर्तन नहीं किया गया। प्रार्थी ने उसकी वास्तविक जन्म तिथि 3.2.1966 को अभिलेख में दर्ज करवाने व उक्त तिथि के आधार पर ही सेवानिवृत करवाने की प्रार्थना की।

विपक्षी की ओर से जवाब पेश कर जाहिर किया गया कि प्रार्थी को प्रत्येक माह पे–स्लीप दी जाती है, जिसमें जन्म तिथि अंकित होती है। प्रार्थी समय रहते प्रार्थनापत्र पेश कर सकता था, लेकिन अब जबकि उसकी सेवानिवृति निकट है वह जन्म तिथि में संशोधन करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर रहा है। मदवार जवाब देते हुए जाहिर किया गया कि प्रार्थी के द्वारा सदैव सामान्य श्रेणी का कार्य ही किया जाता था। नियुक्ति के पूर्व प्रार्थी ने अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र जमा नहीं कराये थे। प्रार्थी ने आज दिनांक तक अपने कोई भी दस्तावोज विपक्षी के यहां जमा नहीं करवाये। विपक्षी ने फार्म–बी के खाली प्रपत्र पर प्रार्थी के हस्ताक्षर नहीं लिये तथा उक्त प्रपत्र प्रार्थी के सामने उससे पूछताछ करके ही भरा गया तथा उस समय प्रार्थी ने अपनी उम्र 23 वर्ष ही बताई थी, न कि जन्म तिथि 3.2.1966 बताई। प्रार्थी का यह कथन गलत है कि विपक्षी के यहां उसकी जन्म तिथि 3.4.1963 दर्ज है। प्रार्थी पढना–लिखना जानता था इसलिए उसके ब्रीफ बायोडाटा फॉर्म में साक्षर अंकित है, जो कि दिनांक 19.1.1993 को भरा गया था। फार्म–बी में दर्ज प्रार्थी की उम्र के संबंध में प्रार्थी स्वयं ही जिम्मेदार है। प्रार्थी से दिनांक 19.1.1993 को एम्पलोईज ब्रीफ बायोडाटा फॉर्म भरवाया गया,जिसमें प्रार्थी ने अपनी जन्म तिथि 1.4.1962 दर्ज की है, जिसके अनुसार प्रार्थी की उम्र नियोजन के समय 23 वर्ष होती है। जब प्रार्थी द्वारा वर्ष 1993 में अपनी जन्म दिनांक ब्रीफ बायोडाटा में अपने नियोजन के लगभग 8 वर्ष बाद भी वही जन्म दिनांक दर्ज करवाई है तो अब जन्म दिनांक बदलवाने का कोई औचित्य नहीं है। जब प्रार्थी एक बार अपने फॉर्म–बी में भरी गई जन्म तिथि को सही मानकर हस्ताक्षर कर चुका है तो उसकी जन्म

तिथि को बदलने का कोई औचित्य नहीं है। विपक्षी संस्थान एवं खान मजदूर कांग्रेस के मध्य दिनाक 7.3.2013 को समझौता सम्पन्न हुआ, जिसके अनुसार जिन भी श्रमिकों की जन्म तिथि को लेकर विवाद है वो समस्त श्रमिक दिनांक 31.3.2013 तक अपनी जन्म तिथि से संबंधित दस्तावेज मय प्रार्थनापत्र सस्थान में प्रस्तुत कर जन्म तिथि दुरूस्त करवा सकेंगे, लेकिन प्रार्थी द्वारा उचित समय में कोई पत्राचार नहीं किया गया तो ऐसे में प्रार्थी के पत्रों पर कर्यवाही नहीं की जा सकती थी। क्लेम प्रार्थना पत्र खारिज करने की प्रार्थना की गई।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य में स्वयं प्रार्थी ए ड 1 मुकुट दरोगा के शपथ पत्र पर बयान दर्ज करवाये गये ।

विपक्षी की ओर से एन ए ड 1 लक्ष्मीनारायण के बयान शपथपत्र पर दर्ज करवाये गये।

बहस सुनी गई। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।

बहस के दौरान प्रार्थी प्रतिनिधि ने क्लेम प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए वांछित अनुतोष दिलाने का निवेदन किया। प्रार्थी की ओर से अपने समर्थन में निम्न न्यायिक दृष्टांत भी पेश किये गये–

1. 2008 (119) एफ एल आर पेज 808 (एस.सी.) मोहम्मद युनुस खान बनाम यू.पी.पावर कॉर्पोरेशन लि0 व अन्य

2. 2023 (176) एफ एल आर पेज 648 (इलाहाबाद) सुब्रमण्यम बनाम स्टेट आफ यू.पी.

इसके विपरीत विपक्षी के अधिवक्ता ने भी अपने जवाब में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए क्लेम प्रार्थनापत्र खारिज करने की प्रार्थना की। अपने समर्थन में निम्न न्यायिक दृष्टांत भी पेश किये–

1. सिविल अपील नं0 1009/ 2020 (एस.सी.) भारत कुकिंग कोल लि0 बनाम श्याम किशोर

2. रिटया चिका सं0 5515/ 2014 (मद्रास) पी.सुंदरराज बनाम तमिलनाडु राज्य

3. एस.सी.ए /21293/ 2017 (गुजरात) भगवती बेन तेजूमल बनाम उत्तर गुजरात वी.आई.जे. कं0 लि0

4. एस.ए. नं0 244/ 2003 (झारखंड) सेन्ट्रल कोलफिल्ड लि0 बनाम ब्रह्मदेव सिंह

हमनें संपूर्ण पत्रावली का अध्ययन किया और विचार किया।

